जी० टी० रोड की मरम्मत के लिये बिहार को आवंटित धनराशि

1147. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार को विगत वर्ष ग्रांड ट्रंक रोड की मरम्मत के लिये कितनी राशि दी गई ;

(ख) क्या आवंटित राशि के सही खर्च की जांच के लिए कोई केन्द्रीय समिति राज्यों में जाती है ; और

(ग) क्या सरकार को पता है कि बिहार में जी० टी० रोड की मरम्मत में अनावश्यक देरी की जा रही है जिससे कलकत्ता से दिल्ली की ओर आने-जाने वाले वाहनों की बहुत अधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ?

संसदीय कार्य विभाग तथा नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ओम मेहता): (क) राज्य में जी० टी० रोड (राष्ट्रीय राजमार्ग 2) सहित सभी राष्ट्रीय राजमार्गों की रखरखाव और मरम्मत के लिए 1971-72 के दौरान 229.71 लाख रुपये कुल आवंटित किया गया।

(ख) जी नहीं। परन्तु पटना में स्थित इस मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारी और इंजीनियर संपर्क अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्गों का नियमित निरीक्षण करते रहते हैं और यदि कोई कमी हो तो उसे लोक निर्माण विभाग और मंत्रालय के ध्यान में लाते हैं, ताकि उसे ठीक करने के लिये कार्यवाही की जा सके।

(ग) जहां तक भारत सरकार को विदित है, सड़क को यातायात के योग्य बनाये रखने में काई विलम्ब नहीं हुआ है।

दिल्ली के कालेजों में सीटें बढ़ाना

1148. **श्री वाई० ईश्वर रेड्डी** :
श्री शशिभूषण :

क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में छपे इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि सरकारी आदेशों के बावजूद भी दिल्ली के बहुत से कालेजों में 10 प्रतिशत सीटें नहीं बढ़ाई गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है, और

(ग) किन-किन कालेजों ने 10 प्रतिशत सीटें नहीं बढ़ाई हैं और उनके क्या कारण हैं और सीटों को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नुरूल हसन) : (क) और (ख). इस संबंध में सरकार ने कोई निर्देश जारी नहीं किए हैं। तथापि विश्वविद्यालय ने कालिजों से अनुरोध किया है कि वे अपने यहां सीटों की संख्या 10% बढ़ा दें। यद्यपि अधिकतर कालिजों ने अपने दाखिले की संख्या 10% बढ़ा दी थी, फिर भी कुछ कालिज अपने यहां सीमित भौतिक सुविधाओं इत्यादि की वजह से ऐसा न कर सके।

(ग) उन कालिजों के नामों से सम्बन्धित सूचना एकत्रित की जा रही है जिन्होंने अपने यहां 10% दाखिला नहीं बढ़ाया है। विश्वविद्यालय ने अनुरक्षित संस्थान के रूप में एक व्यवसायिक अध्ययन का कालिज खोला है। दिल्ली प्रशासन भी दो नये कालिज खोल रहा है। विश्वविद्यालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्री-मेडिकल के छात्रों को बी० एस० सी० (आनर्स) द्वितीय वर्ष में सीधा दाखिला पाने के लिए वनस्पति तथा प्राणिज्ञान, विभाग में प्रत्येक में 50 सीटें बढ़ा दी हैं।

चीनी का उत्पादन, इसकी आवश्यक मात्रा और इसका मूल्य

1149. **श्री ईश्वर चौधरी** :
श्री हरी सिंह :

क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय चीनी का कितना उत्पादन होता है ;